**10/04**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश वूमेन्स वेलफेयर सोसाइटी (APWWS) ने जूनियर टीचर यापी पोतोम की निर्मम हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कड़ी निंदा व्यक्त की है। संस्था ने कहा कि यह दुखद घटना न केवल उनके परिवार और समुदाय के लिए एक अपूरणीय क्षति है, बल्कि समाज में महिलाओं के सामने मौजूद खतरों की भी गंभीरता को भी उजागर करता है। APWWS ने राज्य सरकार और कानून प्रवर्तन एजेंसियों से मामले की शीघ्र, पारदर्शी और व्यापक जांच सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही, मृतका के दो नाबालिग बच्चों को समुचित सहायता प्रदान करने की अपील भी की है। इस बीच, कार्गु कार्दी वेलफेयर सोसाइटी एवं लोदू आओ वेलफेयर सोसाइटी ने पीड़िता के पिता के साथ मिलकर संयुक्त रूप से मामले की गहन जांच की मांग की है, जिसमें आरोपी के किसी भी पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की सभी थानों में जांच शामिल हो।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने गुरुवार को **“तिरंगा इन तवांग”** नामक पहली रंगमंचीय प्रस्तुति में भाग लिया। इस नाटक का मंचन मोनपा आर्टिस्ट फोरम द्वारा सानपा नोरबू के निर्देशन में किया गया।

इस नाट्य प्रस्तुति में मेजर खातिंग की ऐतिहासिक यात्रा का जीवंत और प्रभावशाली चित्रण किया गया, जिनके नेतृत्व और दूरदर्शिता ने तवांग को भारतीय संप्रभुता के अंतर्गत लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर राज्यपाल ने पूर्वोत्तर भारत के महान सपूत, मेजर रालेंगनाओ खातिंग को स्नेहपूर्वक याद किया, जिन्होंने 14 फरवरी उन्नीस सौ इक्यावन को तवांग में राष्ट्रीय ध्वज फहराया था। जो इस क्षेत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुई। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि इस नाटक को राज्य और देशभर में प्रस्तुत करने की योजना है, ताकि भारत के क्षेत्रीय एकीकरण के इस महत्वपूर्ण अध्याय को व्यापक रूप से दिखाया जा सके। शिमला सम्मेलन को याद करते हुए उन्होंने दोहराया कि तवांग हमेशा से भारत का अभिन्न हिस्सा रहा है।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज **पाङा तेंग त्सो** लेक में चल रहे “विंटर एडवेंचर तवांग 2026” प्रशिक्षण का दौरा किया। उन्होंने इसे अरुणाचल प्रदेश में विंटर स्पोर्ट्स इकोसिस्टम विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया, जो युवाओं, खेल और सतत पर्यटन के लिए एक आशाजनक शुरुआत है। 5 अप्रैल से शुरू हुए इस प्रशिक्षण में छियालीस प्रशिक्षु स्कीइंग और स्नो-बोर्डिंग का विशेषज्ञ प्रशिक्षण SkiMo

India Federation के तहत प्राप्त कर रहे हैं। यह प्रशिक्षण 14 अप्रैल तक चलेगा उसके बाद 15 अप्रैल को चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चौऩा मेन ने आज वेस्ट कामेंग जिले के जांग क्षेत्र के अंतर्गत दो बाई एक दशमलव पांच मेगावाट श्यारो माइक्रो हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजना का दौरा किया। उन्होंने कहा कि परियोजना वर्तमान में ट्रायल रन पर है और अगले महीने इसके उद्घाटन की उम्मीद है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्थानीय स्तर पर बिजली उत्पादन को मजबूत करने, बाहरी स्रोतों पर निर्भरता कम करने और आसपास के क्षेत्रों में स्थिर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्रों में स्वच्छ जलविद्युत का उपयोग सतत विकास को बढ़ावा देने के साथ ही लोगों के जीवन स्तर में सुधार भी करेगा। इस दौरान उनके साथ चीफ इंजीनियर (HPD), कामेंग बेसिन, द्यूरिक कामदुक तथा विद्युत एवं जलविद्युत विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

0000000000000000000000

तवांग में आयोजित डिप्टी कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के दूसरे और अंतिम दिन आज पर्यावरण संरक्षण, वन एवं वन्यजीवों के नियमन, परिवहन प्रशासन को मजबूत करने, सड़क सुरक्षा तथा अरुणाचल प्रदेश को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने जैसे महत्वपूर्ण

विषयों पर चर्चा की गई। इसके अलावा ज्ञान भारतम मिशन पर भी विचार-विमर्श हुआ तथा शासन और सेवा वितरण को बेहतर बनाने में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर भी चर्चा की गई।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार ने शहरी योजना से जुड़े अतिरिक्त अधिकार और कार्य जिनमें टाउन प्लानिंग, भूमि उपयोग का विनियमन और भवन निर्माण का नियमन शामिल है, राज्य के नगर निकायों को तत्काल प्रभाव से सौंप दिए हैं। इस संबंध में 6 मार्च 2026 को आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई थी।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश स्थित राजीव गांधी विश्वविद्यालय ने आज अपने पदक विजेता कराटे खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इन खिलाड़ियों ने नॉर्थ ईस्ट ज़ोन इंटर-यूनिवर्सिटी कराटे चैंपियनशिप (पुरुष एवं महिला) 2025-26 और ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी कराटे चैंपियनशिप (पुरुष एवं महिला) 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। ये प्रतियोगिताएं 1 से 9 अप्रैल 2026 तक असम के डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के तत्वावधान में आयोजित की गई थीं।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के लोक निर्माण विभाग (PWD) के नव नियुक्त सहायक अभियंताओं के लिए आज नाहरलागुन स्थित प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान (ATI) भवन में एक इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य अधिकारियों को आवश्यक ज्ञान और पेशेवर दिशा-निर्देश प्रदान करना था।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने, पूर्वानुमान व्यक्त किया है कि अरुणाचल प्रदेश के पापुमपारे और लोअर सुबनसिरी जिलों के कुछ स्थानों पर गरज और बिजली चमकने के साथ बहुत तेज बारिश होने की संभावना है।

0000000000000000000000